# शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला–बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत पिनकोड 494001

**Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar**

Dharampura-2, Jagdalpur, Distt.-Bastar, Chhattisgarh, India, Pincode 494001

TelePhone 07782-229037, Fax 07782-229037, Website: www.bvvjdp.ac.in


उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्यवरान् निबोधत

क्रमांक / 1079 /अका./कार्यपरिषद/2022 जगदलपुर, दिनांक 21/12/2022

2 1 DEC 2022

## कार्यवृत्त
## कार्यपरिषद की 44वीं बैठक
## दिनांक 20.12.2022

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर के कार्यपरिषद की 44वीं बैठक दिनांक 20.12.2022 को अपरान्ह 12.00 बजे विश्वविद्यालय के सभाकक्ष में आहूत की गई। उक्त बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए :–

| | |
|---|---|
| 1. प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव, कुलपति | पदेन अध्यक्ष |
| 2. डॉ. चेतन राम पटेल, प्राचार्य, | सदस्य |
| 3. श्री धीरज नशीने, संभागीय संयुक्त संचालक, | सदस्य |
| 4. श्री ईश्वर प्रसाद तिवारी, संकायाध्यक्ष, शिक्षा एवं विधि संकाय | सदस्य |
| 5. डॉ. सरला आत्राम, प्राचार्य, | सदस्य |
| 6. डॉ. के. इंदिरा, प्राध्यापक एवं संकायाध्यक्ष, विज्ञान संकाय, | सदस्य |
| 7. श्री अभिषेक कुमार बाजपेयी, कुलसचिव | पदेन सचिव |

**विषय क्रमांक–1 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की 43वीं बैठक दिनांक 03.11.2022 के कार्यवृत्त को सम्पुष्टि पर विचार।

**निर्णयः** कार्यपरिषद की 43वीं बैठक दिनांक 03.11.2022 के कार्यवृत्त को सम्पुष्टि प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक–2 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की 43वीं बैठक दिनांक 03.11.2022 के कार्यवृत्त का पालन प्रतिवेदन पर विचार।

**निर्णयः** पालन प्रतिवेदन का अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक–3 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

दिनांक 18.11.2022 को आयोजित विद्यापरिषद स्थायी समिति की आकस्मिक बैठक में विचार हेतु रखे गये प्रस्ताव एवं विषय पर लिए गये निर्णय का अनुमोदन।

**निर्णयः** सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक–4 (विश्वविद्यालय के विकास विभाग का प्रस्ताव)**

दिनांक 16.12.2022 को आयोजित भवन समिति की बैठक में विचार हेतु रखे गये प्रस्ताव एवं विषयों पर लिए जाने वाले निर्णयों का अनुमोदन।

**निर्णयः** सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक–5 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

दिनांक 17.12.2022 को आयोजित विद्यापरिषद स्थायी समिति की बैठक में विचार हेतु रखे गये प्रस्ताव एवं विषयों पर लिए जाने वाले निर्णयों का अनुमोदन।

**निर्णयः** सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक–6 (विश्वविद्यालय के ग्रंथालय का प्रस्ताव)**

दिनांक 19.12.2022 को आयोजित ग्रंथालय समिति की बैठक में विचार हेतु रखे गये प्रस्ताव एवं विषयों पर लिए जाने वाले निर्णयों का अनुमोदन।

**निर्णयः** ग्रंथालय समिति के कार्यवृत्त के विषय क्रमांक–4 में उल्लेखित 10 नग CCTV, DVR एवं संबंधित उपकरण क्रय संबंधी प्रकरण को संशोधित करते हुए 10 नग CCTV कैमरा, DVR एवं संबंधित उपकरण क्रय किये जाने का निर्णय लिया गया तथा शेष सभी विषयों पर लिए गये निर्णयों को सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक–7 (विश्वविद्यालय के भण्डार शाखा का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय के केन्द्रीय क्रय समिति के सदस्य (अध्यक्ष) डॉ. ए.के.दीक्षित, प्रभारी प्राचार्य, शासकीय इंन्द्रावती महाविद्यालय, भोपालपट्नम के स्थान पर कार्यपरिषद के द्वारा अन्य सदस्य को केन्द्रीय क्रय समिति के सदस्य मनोनीत करने संबंधी प्रकरण पर विचार।

**विभागीय :–**

कार्यपरिषद की 33वीं बैठक दिनांक 08/09/2021 के द्वारा डॉ. ए.के. दीक्षित, प्राचार्य, शासकीय इन्द्रावती महाविद्यालय, भोपालपट्नम को केन्द्रीय क्रय समिति का सदस्य/अध्यक्ष मनोनीत किया गया था। डॉ. दीक्षित द्वारा कार्यालय, प्राचार्य, शासकीय इन्द्रावती महाविद्यालय, भोपालपट्टनम का पत्र क्रमांक/171/स्था./2022, भोपालपट्टनम, दिनांक 23/11/2022 भेजकर विश्वविद्यालय के क्रय समिति अध्यक्ष पद से कार्यमुक्त करने हेतु पत्र प्रेषित किया गया है।

विश्वविद्यालय विनियम 108, (विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 40 के अंतर्गत निर्मित) भाग 4 – क्रय एवं विक्रय नियम – क्रय की स्वीकृति (1) उपर्युक्त प्रक्रिया के पश्चात् क्रय की अनुशंसा किए जाने हेतु कुलपति/कार्यपरिषद के अनुमोदन से निम्नलिखित क्रय समितियां बनाई जाती है : (ब) केन्द्रीय क्रय समिति –(ii) कार्यपरिषद के द्वारा मनोनीत सदस्य की नियुक्ति का प्रावधान है।

अतः कार्यपरिषद द्वारा विश्वविद्यालय के केन्द्रीय क्रय समिति में सदस्य मनोनीत करने हेतु विषय प्रस्तुत है।

**निर्णयः** श्री धीरज नशीने, संभागीय संयुक्त संचालक, कोष, लेखा एवं पेंशन बस्तर जगदलपुर का नाम केन्द्रीय क्रय समिति के सदस्य सर्वसम्मति से मनोनित किया गया।

**विषय क्रमांक–8 (विश्वविद्यालय के गोपनीय विभाग का प्रस्ताव)**

शोधार्थियों के मौखिक परीक्षा समाप्ति पश्चात बाह्य परीक्षक के संस्तुति के आधार पर जारी पी–एच.डी अधिसूचना की कार्योत्तर स्वीकृति पर विचार।



21 DEC 2022

**विभागीय :–**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर में संचालित पी.–एच.डी. पाठ्यक्रम के अंतर्गत निम्नलिखित शोधार्थियों के मौखिक परीक्षा समाप्ति पश्चात बाह्य परीक्षक के संस्तुति के आधार पर पी–एच.डी की अधिसूचना जारी किया गया है:–

| क्र. | शोधार्थी का नाम / नमांकन क्रमांक | शोध निर्देशक का नाम | शोध प्रबंध का शीर्षक | विभाग / विषय | संकाय | पी–एच.डी मौखिक परीक्षा तिथि | अधिसूचना जारी करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री अखिलेश कुमार त्रिपाठी | डॉ. योगेन्द्र मोतीवाला | हल्बी बोली पर अन्य भाषाओं का प्रभाव | हिन्दी | कला संकाय | 21.11.2022 | 22.11.2022 |
| 2 | श्री शिव कुमार बंजारे | डॉ. आर.पी. टंडन | संत साहित्य के विकास में छ.ग. के साहित्यकारों का योगदान | हिन्दी | कला संकाय | 21.11.2022 | 22.11.2022 |
| 3 | श्री सुरेश कुमार | डॉ. एल. आर. सिन्हा | छत्तीसगढ़ के हल्बा जनजाति का जनांकिकीय अध्ययन (कांकेर जिले के विशेष संदर्भ में) | अर्थशास्त्र | सामाजिक विज्ञान संकाय | 12.12.2022 | 12.12.2022 |

उपरोक्तानुसार शोधार्थियों के जारी किये गये पी–एच.डी. अधिसूचना संबंधी प्रकरण की कार्योत्तर स्वीकृति हेतु प्रस्तुत।

**निर्णय:** सूचना ग्रहण करते हुए कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक – 9**

माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय।

**विषय क्रमांक – 1 (विश्वविद्यालय के स्थापना विभाग का प्रस्ताव)**

अतिथि व्याख्याता आमंत्रण पर विचार।

**विभागीय टीप :–**

छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्ययनशालाओं में स्वीकृत रिक्त शैक्षणिक पदों पर भर्ती के लिये वित्तीय वर्ष 2022–23 में पुनः प्रशासकीय एवं वित्तीय अनुमति के लिये छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग को पत्र प्रेषित किया गया है, परंतु अनुमति आज दिनांक तक प्राप्त नहीं हुआ है। अध्ययनशालाओं के विभागाध्यक्षों एवं छात्र–छात्राओं के द्वारा ज्ञापन प्रस्तुत कर अध्ययन–अध्यापन कार्य तथा अन्य शैक्षणिक गतिविधियॉं संपादित करने हेतु शिक्षक नियुक्त करने हेतु अनुरोध किया गया है।निम्नलिखित अध्ययनशालाओं में अध्यापन कार्य हेतु अतिथि व्याख्याताओं की आवश्यकता है:–



21 DEC 2022

| स.क्र. | अध्ययनशाला/विभाग का नाम | विषय का नाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | वानिकी एवं वन्यजीव अध्ययनशाला | वानिकी एवं वन्यजीव | 1 |
| 2 | जैव प्रौद्योगिकी अध्ययनशाला | जैव प्रौद्योगिकी | 2 |
| 3 | कम्प्यूटर अनुप्रयोग अध्ययनशाला | कम्प्यूटर अनुप्रयोग | 2 |
| 4 | शिक्षा अध्ययनशाला | शिक्षा | 4 |
| | **कुल पदों की संख्या** | | **9** |

शैक्षणिक सत्र 2022–23 में शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के विभिन्न अध्ययनशालाओं में संचालित पाठ्यक्रमों में स्वीकृत प्राध्यापक/सह प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापक/व्याख्याता पद के रिक्त पदों के विरूद्ध 6 नियमित प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापक, 9 संविदा सहायक प्राध्यापक, 16 अतिथि व्याख्याता कार्यरत हैं। पूर्व में अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति के संबंध में मापदंड, चयन प्रक्रिया एवं मानदेय छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय महाविद्यालयों में अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति के लिये निर्धारित मापदंड, चयन प्रक्रिया एवं मानदेय के अनुसार ही किया जाता रहा है।

शैक्षणिक सत्र 2022–23 में शासकीय महाविद्यालयों में अतिथि व्याख्याताओं से अध्यापन व्यवस्था बाबत् छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी पत्र दिनांक 07.09.2022 के बिंदु 2 में अतिथि व्याख्याताओं के चयन की प्रक्रिया संबंधी कंडिका 7 में निर्धारित मापदंडों में संशोधन किया गया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के विनियम, 2018 में सहायक आचार्य के पद के लिये निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं अर्हता तथा साक्षात्कार में चयन के लिये निर्धारित मानदंड के अनुसार चयन प्रक्रिया तथा अतिथि व्याख्याता के संबंध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के गाईडलाईन दिनांक 28.01.2019 तथा छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वाराशासकीय महाविद्यालयों में कार्यरत अतिथि व्याख्याताओं के लिये निर्धारित मानदेय के अनुसार ही मानदेय भुगतान किया जाना प्रस्तावित है।

**निर्णयः** उपरोक्त विषयों में 09 अतिथि व्याख्याता आमंत्रित करने की अनुमति दी गई।

**विषय क्रमांक – 2 (विश्वविद्यालय के स्थापना विभाग का प्रस्ताव)**

अतिथि व्याख्याता आमंत्रण हेतु विनियम प्रारूप के अनुमोदन पर विचार।

**विभागीय टीप :–**

शहीद महेन्द कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के आदेश क्रमांक/588/170/सा.प्रशा./स्थापना/2022 जगदलपुर, दिनांक 06.12.2022 द्वारा गठित समिति की बैठक दिनांक 19.12.2022 में समिति द्वारा अतिथि व्याख्याता आमंत्रण हेतु अनुशंसित विनियम प्रारूप के अनुमोदन हेतु प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष प्रस्तुत।

**निर्णयः** अतिथि व्याख्याता आमंत्रित करने संबंधी विनियम में निम्नानुसार संशोधन किया गया :–

प्रस्तावित विनियम की कंडिका 9 में छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा समय–समय पर अतिथि व्याख्याताओं की सेवा शर्तों, मानदेय से संबंधित निर्गत शासनादेश कार्यपरिषद के अनुमोदन के पश्चात् लागू होंगे। विनियम के कंडिका–10 विलोपित किये जाने का निर्णय लिया गया।



2 1 DEC 2022

उपरोक्त विनियम के कंडिका–11 के रूप में शामिल करने का निर्णय लिया गया। विश्वविद्यालय में कार्यरत सभी अतिथि व्याख्याताओं के शिक्षण कार्य से संबंधित, कार्य स्थल पर उनके आचरण एवं व्यवहार तथा सेवा शर्तों के अनुपालन में कुलसचिव द्वारा जारी आदेश का पालन करना होगा। विवाद की स्थिति में कुलपति द्वारा लिए गये निर्णय अतिथि व्याख्याताओं के लिए मान्य होगा। यदि अतिथि व्याख्यता विश्वविद्यालय के निर्णय को चुनौती देना चाहते है तो इसके लिए उनकों विश्वविद्यालय के कुलपति के समक्ष अपना आवेदन प्रस्तुत करना होगा । इस संबंध में सभी पक्षों को सुनवाई का अवसर प्रदान करने के पश्चात् कुलपति द्वारा लिए गये निर्णय सभी पक्षों को मान्य होगा। उपरोक्त संशोधन के साथ सर्वसम्मति से अतिथि व्याख्याता आमंत्रित करने संबंधी विनियम को अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक – 3 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ एवं शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर के मध्य शैक्षणिक विकास एवं सहयोग हेतु MoU किये जाने पर विचार।

**विभागीय टीप :–**

शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ के संलग्न पत्र क्रमांक 3765/प्रशा./MoU/2022 रायगढ़ दिनांक 17.11.2022 के द्वारा शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ तथा शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर से शैक्षणिक विकास एवं सहायोग (Acadwmic Development & Corporation) के संबंध में MoU (Memorandum of Understanding) किया जाना प्रस्तावित है, जिसका प्रारूप संलग्न प्रेषित किया गया है। यह दोनों संस्थानों के पारस्पारिक ज्ञान आदान–प्रदान में सहायता कर भविष्य में मूल्यांकन में सहायक होगा।

उक्त प्रारूप में किसी प्रकार का संशोधन वांछित है तो यथोचित संशोधन प्रस्तावित करते हुए अग्रिम प्रारूप दो प्रति में प्रेषित करने का निवेदन किया गया है, जिससे कि MoU के क्रियान्व्यन को अंतिम रूप दिया जा सके।

**निर्णयः** सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक – 4 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर् एवं गुरू घासीदास (केन्द्रीय) विश्वविद्यालय, बिलासपुर के मध्य शैक्षणिक विकास एवं सहयोग हेतु MoU किये जाने की सूचना पर विचार।

**विभागीय टीप :–**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर अनुसूचित क्षेत्र में स्थापित एक राजकीय विश्वविद्यालय है। इस क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारोन्मुखी उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने एवं शैक्षणिक, अनुसंधान, नवाचार एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के समुचित विकास तथा विश्वविद्यालय के अन्तर्गत अध्ययनरत छात्र–छात्राओं, शोधार्थियों के उच्च शिक्षा में समुचित भागीदारी एवं विकास हेतु गुरू घासीदास (केन्द्रीय) विश्वविद्यालय, बिलासपुर के साथ एम.ओ.यू. किया जा सकता है। एम.ओ.यू. किये जाने की सहमति प्राप्त करने हेतु कुलसचिव, गुरू घासीदास (केन्द्रीय) विश्वविद्यालय, बिलासपुर को विश्वविद्यालय के संलग्न पत्र क्रमांक/1057/710/अका./एम.ओ.यू./2022 जगदलपुर, दिनांक 12.12.2022 पत्र प्रारूप प्रेषित किया गया है।

**निर्णयः** सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।



2 1 DEC 2022

**विषय क्रमांक – 5 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

गुरू घासीदास (केन्द्रीय) विश्वविद्यालय, बिलासपुर में होने वाले "भारत और दक्षिण–पूर्व एशिया के मध्य बहुआयामी सांस्कृतिक सम्पर्क" विषय पर त्रि–दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठीय हेतु सहयोग राशि रू. 8.00 लाख प्रदाय किये जाने पर विचार।

**विभागीय टीप :–**

गुरू घासीदास (केन्द्रीय) विश्वविद्यालय, बिलासपुर के पत्र क्रमांक/144/कु.स./नि.स., दिनांक 16.12.2022 के द्वारा संपूर्ण देश "आजादी का अमृत महोत्सव" मना रहा है इसी क्रम में गुरू घासीदास (केन्द्रीय) विश्वविद्यालय, बिलासपुर 10–12 फरवरी, 2023 को "भारत और दक्षिण–पूर्व एशिया के मध्य बहुआयामी सांस्कृतिक सम्पर्क" विषय पर त्रि–दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठीय का आयोजन करने जा रहा है। इस संगोष्ठी में 12 देशों के लगभग 40 विषय विशेषज्ञों एवं भारत के विभिन्न प्रान्तों से लगभग 500 प्रतिभागियों के सम्मिलित होने की संभावना है।

इस वृहद आयोजन में शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर को सहयोगी संस्थान के रूप में स्थान देने तथा कार्यक्रम के विभिन्न मदों में होने वाले व्यय में राशि रू. 8.00 लाख के सहयोग राशि का मांग किया गया है। उक्त प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष प्रस्तुत।

**निर्णयः** सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

21/12/22

कुलसचिव
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)

Manoj K. Srivastava
21.12.2022

कुलपति
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)

21 DEC 2022